वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2019-2020

CTTC KOLKATA

ISO 9001 :2015
OHSAS 18001 :2007
ISO 14001 : 2015
ISO 21001 : 2018

सत्यमेव जयते

MINISTRY OF MICRO, SMALL
& MEDIUM ENTERPRISES
GOVERNMENT OF INDIA

सेन्ट्रल टुल रूम एन्ड ट्रेनिंग सेन्टर, कोलकाता

Central Tool Room & Training centre

भारत सरकार की सोसायटी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय

Government of India Society

Ministry of Micro, Small & Medium Enterprise, Govt. of India.

वर्ष 2019-20 हेतु

वार्षिकप्रतिवेदन

विषय-वस्तु

- प्रस्तावना
- उद्देश्य
- उपलब्ध सुविधाएं
- प्रस्ताबित सेवाएं
- प्रदर्शन
- योजना निधि का उपयोग
- निर्मित संपत्तियां का विवरण
- भावी योजना
- कर्मचारी स्थिति
- जीसी विवरण
- वार्षिक लेखा

एम. एस. एम. ई. टूलरूम - कोलकाता

(सेंट्रलटूलरूमएंडट्रेनिंगसेंटर)

बनहुगलीइंडस्ट्रियलएरिया,कोलकाता 700108.

एमएसएमई टूल रुम – कोलकाता

(सेंट्रल टूल रुम एंड ट्रेनिंग सेंटर) / (केंद्रीय औजार कक्ष और प्रशिक्षण केंद्र)

बनहुगली औद्योगिक क्षेत्र,

कोलकाता– 700108

वार्षिक रिपोर्ट 2019-20

प्रस्तावना:

केंद्रीयऔजारकक्षऔरप्रशिक्षणकेंद्र (सीटीटीसी) कोलकाता की स्थापना भारत सरकार और डेनमार्क सरकार के बीच तकनीकी सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत 1978 में की गई थी। बृहत्तर स्वायत्तता उपलब्ध कराने के उद्देश्य के साथ इस केंद्र की स्थापना भारत सरकार की सोसायटी के रुप में की गई। इस केंद्र के मामलों का प्रबंधन भारत सरकार द्वारा गठित की गई शासी परिषद के अधीन होता है। अतिरिक्त सचिव एवं विकास आयुक्त (एमएसएमई), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, भारत सरकार सोसायटी के अध्यक्ष एवं इस शासी परिषद के चेयरमैन हैं।

उद्देश्य

- प्रेस टूल्स, जिग्स, फिक्सचर्स, डाइज और मोल्ड्स के टूल निर्माताओं का प्रशिक्षण;
- मुख्य रुप से लघु उद्योगों के प्रतिनिधियों के लिए अल्पकालिक पाठ्यक्रम;
- लघु एवं मध्यम आकार के औजारों का निर्माण, जैसे प्लास्टिक और मेटल कास्टिंग के लिए प्रेस टूल्स, जिग्स, फिक्सचर्स, डाइज और मोल्ड्स और मुख्य रुप से लघुमान ईकाईयों के लिए विशेष उद्देशीय औजार;
- विशेषत: लघुमान ईकाईयों के लिए प्रेस टूल्स, जिग्स, फिक्सचर्स, डाइज, मोल्ड्स और परिशुद्धता घटकों के निर्माण हेतु सामान्य सेवा सुविधाओं के साथ सलाहकारी/परामर्श सेवाएँ एवं डिज़ाइन सहायता;
- टूल्स, जिग्स, फिक्सचर्स, डाइज और मोल्ड्सइत्यादि के लिएप्रक्रियाओं और घटकोंको मानकीकृत करने हेतु उपायों की सिफारिश करना;
- टूल रुम / मिनी टूल रुम और प्रशिक्षण केंद्र / सीएडी-सीएएम प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएँ उपलब्ध कराना।

सुविधाएँ:

कोलकाता का एमएसएमई टूल रुम टूलों के निर्माण के लिए और टूल एवं डाई बनाने के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। कम्प्यूटरीकृत संख्यात्मक नियंत्रित मिलिंग मशीनें, वायर कट मशीनें, ग्राइंडिंग मशीनें, इत्यादि जैसी अंतर्राष्ट्रीय मानकों वाली उच्च परिशुद्धता मशीनें उत्पादन सुविधाओं में शामिल हैं। इसके साथ ही हाइट गेज, हार्डनेस टेस्टर, सी.एम.एम., प्रोफाइल प्रोजेक्टर इत्यादि जैसी परिशुद्धता निरीक्षण सुविधाओं से भी टूल रुम सुसज्जित किया गया है। मिलिंग लेथ, सरफेस, सिलिंड्रिकल ग्राइंडिंग, ईडीएम जैसी उच्च गुणवत्ता मशीनों और इसके साथ ही नवीनतम वर्क स्टेशन और सीएडी/सीएएमसॉफ्टवेयर के साथ सीएडी/सीएएम लैब्स से प्रशिक्षण विभाग सुसज्जित है।

प्रस्तावित सेवाएँ:

टूल रुम के पास कई क्षमताएँ हैं और इसके द्वारा निम्नलिखित सेवाएँ प्रदान की जा सकती हैं:

टूल उत्पादन:

- प्लास्टिक मोल्ड्स, प्रेस टूल्स, जिग्स, फिक्सचर्स, गॉजेज़, एक्स्ट्रूज़न डाइज, डाई कास्टिंग डाइज, फोर्जिंग एवं ट्रिमिंग डाइज।
- परिशुद्धता टूल्सऔर मशीन कम्पोनेन्ट का उत्पादन।
- एनसी/सीएनसी और सीएएम जैसी नवीनतम टेक्नोलॉजी के साथ उत्पादन।
- डाइज और टूल्स की रिसेटिंग, रिशार्पनिंग और रखरखाव।
- टूल्स का परीक्षण एवं प्रायोगिक उत्पादन।

टूल डिज़ाइन:

- नवीनतम सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर के साथ सीएडी/सीएएम के इस्तेमाल द्वारा कल्पनाओं को वास्तविकता में साकार करना।
- विभिन्न उद्योगों के लिए अपेक्षित मानकों के अनुसार डाइज औरटूल्स, मोल्ड्स, जिग्स एवं फिक्सचर्स, गॉजेज़ के डिज़ाइन।
- उन्नत उत्पाद डिज़ाइन के लिए टूल संबंधी नवाचार।
- उद्योगों के लिए प्रतिक्रम अभियांत्रिकी और सीएडीसमर्थन।

प्रशिक्षण:

तेज़ी से विकसित हो रही टेक्नोलॉजी के कारण आधुनिक एवं उन्नतशील प्रशिक्षण कार्यक्रम की ज़रुरत ने केंद्र को निर्बाध परिवर्तन हेतु प्रशिक्षण को उन्नत एवं मानव शक्ति के विकास का और उद्योगों के विस्तृत क्षेत्र के लिए समकालीन निर्माण प्रणाली को अपनाए जाने के लिए बाध्य किया है।

दीर्घकालिक पाठ्यक्रम: *मैकेनिकल कोर्स*

4 वर्षों की अवधि के साथ टूल और डाई मेकिंग में डिप्लोमा (एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित):

टूल और डाई मेकिंग में डिप्लोमाअखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा- एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित है और नौकरी प्रयोजन हेतु मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के समतुल्य रुप में भारत सरकार और पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा भी अनुमोदित है। पाठ्यक्रम में वर्तमान में प्रति वर्ष कुल सीटों की संख्या 100है। उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शाखा, पश्चिम बंगाल सरकार इंजीनीयरिंग कॉलेजों में पार्श्व प्रवेश के लिए इस सेंटर के टूल और डाई मेकिंग पाठ्यक्रम में डिप्लोमाके उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों पर विचार करती रही है। पाठ्यक्रम के दौरान प्रशिक्षार्थियों को पर्याप्त सैद्धांतिक निवेश के साथ व्यापक व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों को देश एवं विदेश में उद्योगों द्वारा बखूबी स्वीकारा जाता है।

3 वर्षों की अवधि मेक्ट्रोनिक्स कोर्स में डिप्लोमा (एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित):

मेक्ट्रोनिक्स कोर्स अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद-एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित है और भारत सरकार और पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा अनुमोदित है। पाठ्यक्रम के लिए वर्तमान सेवन प्रति वर्ष 30 है। पाठ्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु पर्याप्त सैद्धांतिक इनपुट के साथ व्यापक व्यावहारिक प्रशिक्षण से गुजर रहे हैं।

टूलइंजीनियरिंग में डिप्लोमा (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

टूलइंजीनियरिंग में डिप्लोमा पाठ्यक्रम राष्ट्रीय कौशल विकास फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुपालन के अंतर्गत अनुमोदित किया गया है और इसे कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) भारत सरकार द्वारा नौकरी हेतु मैकेनिकल इँजीनियरिंग में डिप्लोमा (3 वर्ष) के समतुल्य रुप में भी अनुमोदित किया गया है। तीन साल का डिप्लोमा कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने 10+2 साइंस के साथ पास किया है या किसी भी शाखा में स्नातक

पूर्ण किया है और जिनकी न्यूनतम आयु 17 वर्ष है। पाठ्यक्रम प्रशिक्षण पूरा होने पर छात्र सीएनसी टर्निंग प्रोग्रामिंग, सीएनसी मशीनिंग इत्यादि में दक्ष होंगे।

मशीनीस्ट टूल रुम में सर्टिफिकेट कोर्स (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

मशीनीस्ट टूल रुम में सर्टिफिकेट कोर्स राष्ट्रीय कौशल विकास फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुपालन के अंतर्गत अनुमोदित किया गया है और इसके साथ ही यह कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई), भारत सरकार द्वारा भी अनुमोदित है। दो साल का सर्टिफिकेट कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने 10वीं कक्षा पास की है। पाठ्यक्रम पूरा करने पर प्रशिक्षु सीएनसी प्रोग्रामिंग और मशीनिंग और टूल एवं डाई मेकिंग इत्यादि में अच्छा कौशल प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

कम्प्यूटर एडेड इंजीनियरिंग में पोस्ट डिप्लोमा (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

कम्प्यूटर एडेड इंजीनियरिंग में पोस्ट डिप्लोमा पाठ्यक्रम राष्ट्रीय कौशल विकास फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुपालन के अंतर्गत अनुमोदित किया गया है और इसके साथ ही यह कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भी अनुमोदित है।एक वर्षीय पोस्ट डिप्लोमा कोर्स उन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिनके पास मैकेनिकल/ऑटोमोबाइल/प्रोडक्शन/इंडस्ट्रियल/इलेक्ट्रिकल/रोबोटिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा है। इस पाठ्यक्रम के पूरा होने पर प्रशिक्षु ऑटोकैड, क्रेओ, हाइपरमेश, यूनिग्राफिक्स, मोल्डेक्स, एन्सिस इत्यादि का उपयोग कर कम्प्यूटर एडेड डिज़ाइन और ड्रॉइंग में कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

टूल डिज़ाइन एवं सीएडी सीएएम में एडवांस सर्टिफिकेट कोर्स (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

टूल डिज़ाइन एवं सीएडी सीएएम में एडवांस सर्टिफिकेट कोर्स राष्ट्रीय कौशल विकास फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुपालन के अंतर्गत अनुमोदित किया गया है और इसके साथ ही यह कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भी अनुमोदित है।एक वर्षीय एडवांस सर्टिफिकेट कोर्स उन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने आई.टी.आई. (मशीनीस्ट/टर्नर/बेंच फिटर/टूल एंड डाई मेकर/ ड्राफ्ट्समन मैकेनिकल या समतुल्य) पास किया है। इस पाठ्यक्रम के पूरा होने पर प्रशिक्षु सीएनसी प्रोग्रामिंग एवं मशीनिंग, टूल एंड डाई मेकिंग, यूनिग्राफिक्स और कैटिया सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर कम्प्यूटर एडेड डिज़ाइनिंग, मैन्यूफैक्चरिंग प्रक्रिया, नियोजन एवं गुणवत्ता नियंत्रण इत्यादि में कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

वेल्डर (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

प्रस्तावना, सुरक्षा नियम, पर्यावरण सुरक्षा, व्यावसायिक ज्ञान, वर्कशॉप कैल्कुलेशन एवं सेवाएँ, इंजीनियरिंग ड्राइंग, रोज़गार कौशल, आर्क, गैस, टीआईजी, एमआईजी, वेल्डिंग, गैस कटर, ट्रेड प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट वर्क, परीक्षा। वेल्डिंग कोर्स उन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने आई.टी.आई./ 10वीं कक्षा पास की है और जिनकी न्यूनतम उम्र 15 साल है।

टूल एंड डाई मैन्यूफैक्चरिंग में एडवांस सर्टिफिकेट कोर्स (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

टूलएंडडाईमैन्यूफैक्चरिंगमें एडवांस सर्टिफिकेट कोर्स राष्ट्रीय कौशल विकास फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुपालन के अंतर्गत अनुमोदित किया गया है और इसके साथ ही यह कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भी अनुमोदित है।एक वर्षीय एडवांस सर्टिफिकेट कोर्स उन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने आई.टी.आई. (मशीनीस्ट/टर्नर/बेंच फिटर/टूल एंड डाई मेकर या समतुल्य) पास किया है। इस पाठ्यक्रम के पूरा होने पर प्रशिक्षु सीएनसी प्रोग्रामिंग एवं मशीनिंग, टूल एंड डाई मेकिंग, यूनिग्राफिक्स और डेलकैम सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर कम्प्यूटर की सहायता से डिज़ाइनिंग, मैन्यूफैक्चरिंग प्रक्रिया, नियोजन एवं गुणवत्ता नियंत्रण इत्यादि में कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

मशीन ऑपरेशन में एडवांस सर्टिफिकेट कोर्स (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

एमएसडीई, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित एनएसक्यूएफ केअनुपालन के अंतर्गत मशीन ऑपरेशन में एक वर्ष का सर्टिफिकेट कोर्स है। यह उन उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जो 8वीं कक्षा पास हैं और जिनकी न्यूनतम आयु 15 वर्ष है। इस पाठ्यक्रम के पूरा होने पर उम्मीदवार लेथ, मिलिंग, ग्राइंडिंग जैसी मशीनों के परिचालन कार्यों को समझने में सक्षम होंगेऔर नौकरी के लिए मशीनों का परिचालन करने हेतु कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

टूल एंड डाई मैन्यूफैक्चरिंग में पोस्ट डिप्लोमा (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

टूलएंडडाईमैन्यूफैक्चरिंगमें पोस्ट डिप्लोमा कोर्स राष्ट्रीय कौशल विकास फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुपालन के अंतर्गत अनुमोदित किया गया है और इसके साथ ही यह कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भी अनुमोदित है।एक वर्षीय एडवांस सर्टिफिकेट कोर्स उन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिनके पास मैकेनिकल इंजीनियरिंग या समतुल्य में डिप्लोमाहै। इस पाठ्यक्रम के पूरा होने पर प्रशिक्षु सीएनसी प्रोग्रामिंग एवं मशीनिंग, टूल

एंड डाई मेकिंग, यूनिग्राफिक्स, मास्टर कैम और डेलकैम सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर कम्प्यूटर की सहायता से डिज़ाइनिंग, मैन्यूफैक्चरिंग प्रक्रिया, नियोजन एवं गुणवत्ता नियंत्रण इत्यादि में कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

थर्मल पॉवर टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम:

थर्मल पॉवर टेक्नोलॉजी में पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (पीजीपीटीपीटी):

जिंदल इन्स्टीट्यूट ऑफ पॉवर टेक्नोलॉजी (जेआईपीटी) के सहयोग से एक वर्ष अवधि का मैकेनिकल कोर्स। ऊपर उल्लिखित कोर्स में प्रवेश पाने के लिए उम्मीदवार के पास बी.ई./बी.टेक में न्यूनतम 60% अंक और कक्षा दसवी और बारहवी में 50% अंकों के साथ एक मान्यता प्राप्त संस्थान से मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/ईईई/ईलेक्ट्रॉनिक्स/कंट्रोल एंड इन्स्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग में 4 वर्ष पूर्ण अवधि वाली बीई/बी.टेक की डिग्री होना आवश्यक है और जुलाई 01, 2018 तक उसकी उम्र 30 वर्षों से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस कोर्स में शामिल है पॉवर प्लांट का इंट्रोडक्शन एंड फैमिलियरायज़ेशन, ब्रीफिंग एंड ट्रेसिंग, ऑपरेशन, परफॉर्मेन्स, एफिशियंसी एंड मॉनिटरिंग, पॉवर रिफॉर्म्स एंड रेगुलेशन्स, कंट्रोल एंड इन्स्ट्रूमेंटेशन, मैंटेनेन्स प्लानिंग एंड कॉस्ट कंट्रोल, आईटी इन पॉवर सेक्टर और गैस इन्सुलेटेड सबस्टेशन इत्यादि।पीजीपीटीपीटी कोर्स के लिए उत्कृष्ट रुप से प्रोत्साहित करने वाला प्रतिसाद मिला है और कई पॉवर कंपनियों ने उद्योग के लिए तैयार प्रशिक्षित मानव बल को पिछले कई वर्षों में कैम्प्स रिक्रूटमेंट के माध्यम से नौकरियाँ उपलब्ध कराई हैं। इस कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा करने पर हमारे छात्रों को कैम्पस इंटरव्यू के माध्यम से अग्रणी पॉवर कंपनियों में नौकरियाँ दी जाएंगी। यह कोर्स फ्रेशर और इसके साथ ही नौकरी कर रहे इंजीनीयर, दोनों के लिए ही समान रुप से लाभप्रद है।

थर्मल पॉवर टेक्नोलॉजी में पोस्ट डिप्लोमा प्रोग्राम (पीडीपीटीपीटी):

जिंदल इन्स्टीट्यूट ऑफ पॉवर टेक्नोलॉजी (जेआईपीटी) के सहयोग से एक वर्षीय अवधि का मैकेनिकल कोर्स। ऊपर उल्लिखित कोर्स में प्रवेश पाने के लिए उम्मीदवार के पासकक्षा दसवी और बारहवी में न्यूनतम 45% अंक और डिप्लोमा में 50% अंकों के साथ एक मान्यता प्राप्त संस्थान से मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/ईईई/ईलेक्ट्रॉनिक्स/कंट्रोल एंड इन्स्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग में 3 साल का डिप्लोमा और डिप्लोमा इन टूल एंड डाई मेकिंग (डीटीडीएम) का होना आवश्यक है और जुलाई 01, 2018 तक उसकी उम्र 28 वर्षों से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस कोर्स में शामिल है इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनीयर्स के लिए ब्रिज कोर्स, जनरल पॉवर प्लांट

इंट्रोडक्शन एंड इंडस्ट्री सेफ्टी, पॉवर प्लांट डिस्क्रिप्शन, स्कीम ब्रीफिंग एंड ट्रेसिंग, ऑपरेशन, परफॉर्मेन्स, एफिशियंसी एंड मॉनिटरिंग, कैमिस्ट्री एंड एन्वॉयरमेंट मैनेजमेंट, पॉवर प्लान केमिस्ट्री इत्यादि।पीडीपीटीपीटी कोर्स के लिए उत्कृष्ट रुप से प्रोत्साहित करने वाला प्रतिसाद मिला है और कई पॉवर कंपनियों ने उद्योग के लिए तैयार प्रशिक्षित मानव बल को पिछले कई वर्षों में कैम्प्स रिक्रूटमेंट के माध्यम से नौकरियाँ उपलब्ध कराई हैं। इस कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा करने पर हमारे छात्रों को कैम्पस इंटरव्यू के माध्यम से अग्रणी पॉवर कंपनियों में नौकरियाँ दी जाएंगी। यह कोर्स फ्रेशर और इसके साथ ही नौकरी कर रहे इंजीनीयर, दोनों के लिए ही समान रुप से लाभप्रद है।

कंप्रेस्ड मशीनीस्ट (एस.टी.वी.टी. से संबद्ध):

एस.टी.वी.टी. परिषद, पश्चिम बंगाल सरकार के अंतर्गत अनुमोदित मशीन ऑपरेशन में एक साल का सर्टिफिकेट कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने 10वीं कक्षा या उसके समतुल्य परीक्षा पास की है। सामान्य उम्मीदवार के लिए अधिकतम आयु सीमा- 22 वर्ष और अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति -24 वर्ष है। प्रशिक्षण पूरा होने पर उम्मीदवार लेथ, मिलिंग, ग्राइंडिंग जैसी मशीनों के परिचालन कार्यों को समझने में सक्षम होंगे और नौकरी के लिए मशीनों का परिचालन करने हेतु कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

टूल डिज़ाइन एवं सीएडी सीएएम में पोस्ट डिप्लोमा (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

टूल डिज़ाइन एवं सीएडी सीएएम में पोस्ट डिप्लोमा कोर्सराष्ट्रीय कौशल विकास फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुपालन के अंतर्गत अनुमोदित किया गया है और इसके साथ ही यह कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भी अनुमोदित है।एक वर्षीय पोस्ट डिप्लोमा कोर्स उन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिनके पास मैकेनिकल इंजीनियरिंग या समतुल्य में डिप्लोमा है। इस पाठ्यक्रम के पूरा होने पर प्रशिक्षु सीएनसी प्रोग्रामिंग एवं मशीनिंग, टूल एंड डाई मेकिंग, यूनिग्राफिक्स कैम, मास्टर कैम एंड एडवांस कैम सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर कम्प्यूटर की सहायता से डिज़ाइनिंग, प्रोडक्शन प्लानिंग, प्रक्रिया एवं गुणवत्ता नियंत्रण इत्यादि में कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

सीएडी / सीएएम में पोस्ट डिप्लोमा (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

कम्प्यूटर एडेड डिज़ाइनिंग / कम्प्यूटर एडेड मैन्यूफैक्चरिंग में पोस्ट डिप्लोमा कोर्सराष्ट्रीय कौशल विकास फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुपालन के अंतर्गत अनुमोदित किया गया है और इसके साथ ही यह कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भी अनुमोदित है।एक वर्षीय पोस्ट डिप्लोमा कोर्स उन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिनके पास मैकेनिकल, प्रोडक्शन, टूल एंड डाई मेकिंग/ऑटोमोबाइल या समतुल्य में डिप्लोमा या डिग्री है। इस पाठ्यक्रम के सफलतापूर्वक पूरा करने पर प्रशिक्षु एक प्रॉडक्ट का डिज़ाइन बनाने और मैन्यूफैक्चरिंग प्रक्रियाओं को प्रोग्राम करने, दोनों में ही, विशेष रुप से सीएनसी मशीनिंग में कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे। सीएएम सॉफ्टवेयर सीएडी सॉफ्टवेयर में बनाए गए मॉडल और असेंबली का उपयोग कर एक ऐसा औजार पथ तैयार करता है जो उन मशीनों को आगे चलाने का काम करता है जो डिज़ाइन को भौतिक भागों में परिवर्तित करते हैं।

एडवांस मशीनिंग में सर्टिफिकेट कोर्स (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

एमएसडीई, भारत सरकार द्वारा एनएसक्यूएफअनुपालन के अंतर्गत अनुमोदित किया गया एडवांस मशीनिंग में डेढ़ वर्ष का सर्टिफिकेट कोर्स उन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने 10वीं और 12वीं कक्षा और आई.टी.आई. पूरा कर लिया है। इस प्रशिक्षण को पूरा करने पर प्रशिक्षु सीएनसी लेथ, मिलिंग जैसी पारंपरिक और ग़ैर-पारंपरिक मशीनों दोनों के परिचालन कार्यों को समझ सकेंगे और नौकरी के लिए उन मशीनों की ड्राइंग, प्रोग्रामिंग और परिचालन के लिए कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

सीएनसी प्रोग्रामिंग तकनीकों और प्रथाओं में एडवांस डिप्लोमा (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

सीएनसी प्रोग्रामिंग तकनीकों और प्रथाओं में एडवांस डिप्लोमा कोर्सराष्ट्रीय कौशल विकास फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुपालन के अंतर्गत अनुमोदित किया गया है और इसके साथ ही यह कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भी अनुमोदित है।एक वर्षीय एडवांस डिप्लोमा कोर्स उन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिनके पास मैकेनिकल/ प्रोडक्शन/ टूल डिज़ाइन / मोल्ड मेकिंग /ऑटोमोबाइल में डिप्लोमा है। इस पाठ्यक्रम के पूरा करने पर प्रशिक्षु ऑटोकैड, सीएनसी प्रोग्रामिंग, यूनिग्राफिक्स और मास्टर कैम इत्यादि का उपयोग करते हुए ड्राफ्टिंग, मोल्डिंग और प्रोग्रामिंग में कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

सीएनसी मशीनिंग में एडवांस सर्टिफिकेट कोर्स (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

एमएसडीई, भारत सरकार द्वारा एनएसक्यूएफअनुपालन के अंतर्गत अनुमोदित किया गया सीएनसी मशीनिंग में एक वर्ष का एडवांस सर्टिफिकेट कोर्स है, जो उन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने मशीनिस्ट/बेंच फिचर/टूल एंड डाई मेकर/टर्नर या समतुल्य में आई.टी.आई. पूर्ण कर चुके हैं। इस प्रशिक्षण को पूरा करने पर प्रशिक्षु सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड मशीनिंग, मास्टर कैम और एडवांस कैम का उपयोग करते हुए कम्प्यूटर एडेड डिज़ाइनिंग और गुणवत्ता प्रबंधन में कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

.

सीएनसी टर्निंग और मिलिंग में सर्टिफिकेट कोर्स (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

एमएसडीई, भारत सरकार द्वारा एनएसक्यूएफअनुपालन के अंतर्गत अनुमोदित किया गया सीएनसी टर्निंग और मिलिंग में एक वर्ष का सर्टिफिकेट कोर्सउन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने 10वीं कक्षा या इसके समकक्ष शिक्षा पूर्ण की है और जिनकी उम्र 15 वर्ष से 40 वर्ष की सीमा में है। इस प्रशिक्षण को पूरा करने पर प्रशिक्षु सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड मशीनिंग, ऑटोकैड और मास्टर कैम इत्यादि का उपयोग करते हुए कम्प्यूटर एडेड डिज़ाइनिंग में कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

नॉन-मैकेनिकलकोर्स

मैकेट्रॉनिक्स में पोस्ट डिप्लोमा (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

मैकेट्रॉनिक्स में पोस्ट डिप्लोमा कोर्सराष्ट्रीय कौशल विकास फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुपालन के अंतर्गत कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है।एक वर्षीय पोस्ट डिप्लोमा कोर्स उन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिनके पास मैकेनिकल/ प्रोडक्शन/ ईलेक्ट्रॉनिक्स/ईलेक्ट्रिकल/इन्सट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग या समतुल्य में डिप्लोमा है। इस पाठ्यक्रम के पूरा करने पर प्रशिक्षु मैकेट्रॉनिक्स सिस्टम्स, हायड्रॉलिक्स और न्यूमैटिक्स, पीएलसी और इसकी समस्या निवारण इत्यादि का उपयोग करते हुए इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन टेकनीक में बेहतर कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

मशीन मेंटेनेंस में एडवांस सर्टिफिकेट कोर्स (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

मशीन मेंटेनेंस में एडवांस सर्टिफिकेट कोर्स राष्ट्रीय कौशल विकास फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुपालन के अंतर्गत कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है। एक वर्ष का एडवांस सर्टिफिकेट कोर्स उन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने फिटर / इलेक्ट्रिशियन में आई.टी.आई. पूर्ण किया है। इस पाठ्यक्रम के पूरा करने पर प्रशिक्षु मैकेट्रॉनिक्स सिस्टम्स, हायड्रॉलिक्स और न्यूमैटिक्स, पीएलसी और इसकी समस्या निवारण इत्यादि का उपयोग करते हुए इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन टेकनीक में बेहतर कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

इंडस्ट्रियलऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स में पोस्ट डिप्लोमा (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

इंडस्ट्रियलऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स में पोस्ट डिप्लोमा कोर्सराष्ट्रीय कौशल विकास फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुपालन के अंतर्गत कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है।एक वर्षीय पोस्ट डिप्लोमा कोर्स उन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिनके पास मैकेनिकल/ प्रोडक्शन/ ईलेक्ट्रॉनिक्स/ईलेक्ट्रिकल/इन्सट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग या समतुल्य में डिप्लोमा या डिग्री है। इस पाठ्यक्रम के पूरा करने पर प्रशिक्षु ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स के सिद्धांतों को समझने में सक्षम होंगे और इसके साथ ही इंडस्ट्रियलऑटोमेशन टेकनिक्स, रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन सिस्टम्स, ड्राइव्स,हायड्रॉलिक्स और न्यूमैटिक्स, पीएलसी और इसकी समस्या निवारण और अपडेशन इत्यादि में बेहतर कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

मध्यकालिककोर्स: *मैकेनिकल कोर्स*

टूल डिज़ाइन में मास्टर सर्टिफिकेट कोर्स (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

टूल डिज़ाइन में मास्टर सर्टिफिकेट कोर्सराष्ट्रीय कौशल विकास फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुपालन के अंतर्गत कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है।छह महिनों का मास्टर सर्टिफिकेट कोर्स उन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिनके पास मैकेनिकल इंजीनियरिंग या समतुल्य में डिप्लोमा या डिग्री है। इस पाठ्यक्रम के पूरा करने पर प्रशिक्षु आधुनिक सीएडी /सीएमएम/सीएई टेक्नोलॉजी में बेहतर कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

मशीनिंग में सर्टिफिकेट कोर्स (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

एमएसडीई, भारत सरकार द्वारा एनएसक्यूएफअनुपालन के अंतर्गत अनुमोदित किया गया मशीनिंग में छह महिनों का सर्टिफिकेट कोर्सउन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने फिटर या समकक्ष में आई.टी.आई. पूर्ण किया है। इस प्रशिक्षण को पूरा करने पर अभ्यर्थी कम्प्यूटर के सिद्धांतों, प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी और ऑटोकैड इत्यादि का उपयोग करते हुए कम्प्यूटर एडेड डिज़ाइन में कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

वेल्डिंग टेक्नोलॉजी में सर्टिफिकेट कोर्स (सीसीडबल्यूटी):

प्रस्तावना, सुरक्षा नियम, पर्यावरण सुरक्षा, व्यावसायिक ज्ञान, मूलभूत एवं कार्यरत सिद्धांत, सिंहावलोकन, उपकरण, मूलभूत वेल्डिंग मेटलर्जी, एज प्रिपरेशन, इलेक्टोरेट और एम/सी का सिलेक्शन, वेल्डिंग के चिन्ह, ड्राइंग की समझ, वेल्डिंग की विभिन्न पोज़ीशन, वेल्डिंग त्रुटियों की पहचान कर उसे सुधारना, परियोजना कार्य, जाँच।

सीएडी / सीएएमकोर्स

सीएडी-सीएएमकोर्स में मास्टर सर्टिफिकेट (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

कम्प्यूटर एडेड डिज़ाइनिंग / कम्प्यूटर एडेड मैन्यूफैक्चरिंग में मास्टर सर्टिफिकेट कोर्सराष्ट्रीय कौशल विकास फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुपालन के अंतर्गत कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है।छह महिनों का मास्टर सर्टिफिकेट कोर्स उन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिनके पास मैकेनिकल इंजीनियरिंग या समतुल्य में डिप्लोमा या डिग्री है। इस पाठ्यक्रम के सफलतापूर्वक पूरा करने पर उम्मीदवार प्रशिक्षु एक प्रॉडक्ट का डिज़ाइन बनाने और मैन्यूफैक्चरिंग प्रक्रियाओं को प्रोग्राम करने, दोनों में ही, विशेष रुप से सीएनसी मशीनिंग और प्रोग्रामिंग, सीएडी, सीएएम, सीएई, डेलकैम, सीआरईओ पैरामिट्रिक और सीएटीआईए इत्यादि में कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

स्ट्रक्चरल डिज़ाइन और एनेलिसिस में एडवांस डिप्लोमा (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

स्ट्रक्चरल डिज़ाइन और एनेलिसिस में छह महिनों का एडवांस सर्टिफिकेट कोर्सराष्ट्रीय कौशल विकास फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुपालन के अंतर्गत कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है और उन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिनके पास सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा है। इस प्रशिक्षण के पूरा करने पर प्रशिक्षु ऑटोकैड, एसटीएएडी प्रो, और एडोब फोटोशॉप इत्यादि का उपयोग करते हुए सिविल में आधुनिक सीएडी / सीएईटेक्नोलॉजी में कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

सीएनसी कोर्स

सीएनसी टेक्नोलॉजी में मास्टर सर्टिफिकेट कोर्स (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

एमएसडीई, भारत सरकार द्वारा एनएसक्यूएफअनुपालन के अंतर्गत अनुमोदित किया गयासीएनसी टेक्नोलॉजी में छह महिनों का सर्टिफिकेट कोर्सउन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिनके पास मैकेनिकल/ प्रोडक्शन/ ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग या समतुल्य में डिप्लोमा है। इस पाठ्यक्रम के सफलतापूर्वक पूरा करने पर उम्मीदवार सीएनसी प्रोग्रामिंग और मशीनिंग, एडवांस सीएएम सॉफ्टवेयर, मैन्यूफैक्चरिंग प्रक्रिया व नियोजन, और गुणवत्ता प्रबंधन इत्यादि का उपयोग करते हुए कम्प्यूटर एडेड डिज़ाइनिंग और मैन्यूफैक्चरिंग में कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

सीएनसी मिलिंग में सर्टिफिकेट कोर्स (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

एमएसडीई, भारत सरकार द्वारा एनएसक्यूएफअनुपालन के अंतर्गत अनुमोदित किया गया सीएनसी मिलिंग में छह महिनों का सर्टिफिकेट कोर्सउन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने 10वीं कक्षा या इसके समतुल्य शिक्षा पूर्ण की है और जिनकी न्यूनतम उम्र 15 वर्ष है। इस प्रशिक्षण को पूरा करने पर प्रशिक्षु सीएनसी मिलिंग प्रोग्रामिंग एंड सीएनसी मशीनिंग, और वर्कशॉप टेक्नोलॉजी इत्यादि में कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

सीएनसी टर्निंग में सर्टिफिकेट कोर्स (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

एमएसडीई, भारत सरकार द्वारा एनएसक्यूएफअनुपालन के अंतर्गत अनुमोदित किया गया सीएनसी टर्निंग में छह महिनों का सर्टिफिकेट कोर्सउन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने 10वीं कक्षा या इसके समतुल्य शिक्षा पूर्ण की है और जिनकी न्यूनतम उम्र 15 वर्ष है। इस प्रशिक्षण को पूरा करने पर प्रशिक्षु सीएनसी टर्निंग प्रोग्रामिंग एंड सीएनसी मशीनिंग, और वर्कशॉप टेक्नोलॉजी इत्यादि में कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

नॉन-मैकेनिकलकोर्स

मैकेट्रॉनिक्स में मास्टर सर्टिफिकेट कोर्स (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

मैकेट्रॉनिक्स मेंमास्टर सर्टिफिकेट कोर्सराष्ट्रीय कौशल विकास फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुपालन के अंतर्गत कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है। छह महिनों का मास्टर सर्टिफिकेट कोर्स उन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिनके पास मैकेनिकल इंजीनियरिंग या समतुल्य में डिप्लोमा है। इस पाठ्यक्रम के पूरा करने पर प्रशिक्षु मैकेट्रॉनिक्स सिस्टम्स, हायड्रॉलिक्स और न्यूमैटिक्स, पीएलसी और इसकी समस्या निवारण इत्यादि का उपयोग करते हुए इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन टेकनीक और सिद्धांतों में बेहतर कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

मशीन मेंटेनेंस और ऑटोमेशन में एडवांस डिप्लोमा (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

मशीन मेंटेनेंस और ऑटोमेशन में एडवांस डिप्लोमाराष्ट्रीय कौशल विकास फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुपालन के अंतर्गत कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है। छह महिनों का एडवांस डिप्लोमा कोर्स उन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने इलेक्ट्रिकल/इन्स्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग या समतुल्य में डिप्लोमा पूर्ण किया है। इस पाठ्यक्रम के पूरा करने पर प्रशिक्षु मशीन ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस, इलेक्ट्रिकल हार्डवेयर लॉजिक कंट्रोल, इलेक्ट्रिकल मशीनें, हायड्रॉलिक्स और न्यूमैटिक्स, पीएलसी, एससीएडीए, एचएमआई, टीआईए-पोर्टल और ऑटोकैड इलेक्ट्रिकल इत्यादि में बेहतर कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

ऑटोमेशन एवं प्रोसेस कंट्रोल में मास्टर सर्टिफिकेट (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

ऑटोमेशन एवं प्रोसेस कंट्रोल (स्वचालन और प्रक्रिया नियंत्रण) मेंमास्टर सर्टिफिकेट कोर्सराष्ट्रीय कौशल विकास फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुपालन के अंतर्गत कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है। छह महिनों का मास्टर सर्टिफिकेट कोर्स उन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने इलेक्ट्रिकल/इन्स्ट्रूमेंटेशन/ ईलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग या समतुल्य में डिप्लोमा पूर्ण किया है। इस पाठ्यक्रम के पूरा करने पर प्रशिक्षु ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स के सिद्धांतों को लागू करने में सक्षम होंगे और इसके साथ ही मशीन ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस, इलेक्ट्रिकल हार्डवेयर लॉजिक कंट्रोल, इलेक्ट्रिकल मशीनें और पेरीफेरल्स,हायड्रॉलिक्स और न्यूमैटिक्स, एम्बेडेड सिस्टम्स, एससीएडीए, एचएमआई, टीआईए-पोर्टल, लैब व्यू और ऑटोकैड इलेक्ट्रिकल इत्यादि में बेहतर कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

कम्प्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्क मैनेजमेंट में एडवांस डिप्लोमा (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

राष्ट्रीय कौशल विकास फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुपालन के अंतर्गत कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गयाकम्प्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्क मैनेजमेंट में एडवांस डिप्लोमा उन उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने किसी भी इंजीनियरिंग शाखा में बी.एससी/डिग्री/डिप्लोमा पूर्ण किया है। इस प्रशिक्षण के पूरा करने पर प्रशिक्षु कम्प्यूटर्स को विनिर्दिष्ट, पहचान, असेंबल और समस्या निवारण कर सकता है, विभिन्न सर्वर और रॉउटर कॉन्फिगरेशनके माध्यम से नेटवर्क कम्यूनिकेशन स्थापित करने में सक्षम, सुरक्षा के साथ स्विचेस, लिनक्स मैनेजमेंट, अप ग्रेडेशन एवं मेंटेनेंस इत्यादि करने में सक्षम हो सकता है।

एडवांस एम्बेडेड टेक्नोलॉजी (एनएसक्यूएफ के अनुरुप):

एमएसडीई, भारत सरकार द्वारा एनएसक्यूएफ अनुपालन के अंतर्गत अनुमोदित किया गया एडवांस एम्बेडेड टेक्नोलॉजीमें छह महिनों का कोर्स उन इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने इलेक्ट्रिकल / इलेक्ट्रॉनिक्स / कम्प्यूटर / बायोमेडिकल / आईटी / इन्स्ट्रूमेंटेशन में डिग्री/डिप्लोमा या आई.टी / इलेक्ट्रॉनिक्स / फिजिक्स में बी.एससी / एम.एससी पूरा किया है। इस प्रशिक्षण को पूरा करने पर प्रशिक्षु एम्बेडेड C/C++, रास्पबेरी पीआई, वीएलएसआई डिज़ाइन, पीसीबी डिज़ाइन, पीआईसी माइक्रोकंट्रोलर और एआरएम-एडवांस आरआईएससी मशीन इत्यादि का उपयोग कर प्रोग्रामिंग और डिज़ाइनिंग में कौशल हासिल करने में सक्षम होंगे।

अल्प-कालिक पाठ्यक्रम

- विभिन्न उद्योगों से मजदूर, कारीगर एवं अभियंताओं के लिए उनके कौशल और ज्ञान की उन्नति के लिए अल्प-कालिक पाठ्यक्रम
- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम स्तर के क्षेत्रों, उद्योगों, संस्थानों से व्यक्तियों के लिए और नए डिग्री, डिप्लोमा एवं आईटीआई धारकों के लिए आवश्यकता आधारित प्रायोजित/ अनुकूल निर्मित तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम।
- क्रेओ, यूनिग्राफिक्स (एनएक्स), मास्टर कैम, ऑटोकैड इत्यादि जैसे सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करते हुए सीएडी/सीएएम, सीएनसी टेक्नोलॉजी इत्यादि में अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रम

निम्न अल्प-कालिक पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाता है:

मैकेनिकलकोर्स

(1) सीएनसी वायर ईडीएम
(2) औद्योगिक प्रशिक्षण
(3) 3डी प्रिंटिंग एंड 3डी स्कैनिंग

सीएडी/सीएएम कोर्स

(4) ऑटो सीएडी 2019
(5) सॉलिड वर्क्स 2018
(6) क्रिओ 5.0
(7) सीएटीआईए वी6
(8) एन्सिस 2019 आर1
(9) पॉवर शेप एंड पॉवर मिल
(10) मास्टर कैम
(11) एआरसी वेल्डिंग
(12) टीआईजी वेल्डिंग
(13) एमआईजी वेल्डिंग
(14) गैस वेल्डिंग
(15) सबमर्ज्ड वेल्डिंग
(16)
(17)
(18)

सिविल कोर्स

3डीएस मैक्स 2018
ऑटो सीएडी सिविल 2019
रेविट आर्किटेक्चर 2020
एडवांस सर्वे इन्स्ट्रूमेंट्स

सीएनसी कोर्स

(19) सीएनसी मशीनिंग प्रैक्टिस प्रोग्रामिंग एंड मशीनिंग प्रैक्टिसेस ऑन सीएनसी मिलिंग
(20) प्रोग्रामिंग एंड मशीनिंग प्रैक्टिसेस ऑन सीएनसी टर्निंग सीएनसी मशीनिंग

नॉनमैकेनिकलकोर्स

(21) मैटलैब एंड सिमुलिंक
(22) लैब व्यू
(23) एडवांस नेटवर्किंग
(24) कोर जावा
(25) कोर पायथन
(26) ओरेकल (एसक्यूएल)
(27) ओरेकल (पीएल/एसक्यूएल)
(28) इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन (पीएलसी)
(29) सुपरवायज़री कंट्रोल एंड डाटा एक्वीज़ीशन (एससीएडीए)
(30) ऑटो-सीएडी इलेक्ट्रिकल (ई-सीएडी)
(31) वेरी लार्ज स्केल इंटीग्रेशन डिज़ाइन (वीएलएसआई)
(32) एम्बेडेड सिस्टम्स
(33) रोबोटिक्स
(34) कम्प्यूटर हार्डवेयर मेंटेनेंस एंड नेटवर्किंग
(35) हाइड्रॉलिक्स एंड न्यूमैटिक्स
(36) ऑटो सीएडीइलेक्ट्रिकल
(37) सिस्को सर्टिफाइड नेटवर्क असोसिएट (सीसीएनए)
(38) सर्टिफिकेट कोर्स इन इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन एंड मेंटेनेंस (सीसीआईएएम)
(39) टैबलेट्स, मोबाइल फोन एंड टीवी रिपेयरिंग एंड सर्विसिंग
(40) एयरकंडीशनर एंड होम अप्लायंस रिपेयरिंग एंड सर्विसिंग

परामर्श सेवाएँ

उन्नत गुणवत्ता एवं उत्पादकता के लिए टूल डिज़ाइन, मैन्यूफैक्चरिंग और नवाचार के क्षेत्र में विशेष रुप से एमएसएमई को एक उच्च रुप से अत्यंत पेशेवर विंग सहायता करता है।

- आधुनिक उत्पादन टेक्नोलॉजी का परिचय

- औजार एवं उत्पादों का गुणवत्ता नियंत्रण और परीक्षण
- अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुसार आधुनिक टूल डिज़ाइन का मार्गदर्शन
- औजार की जीवनवृद्धि सुनिश्चित करने के लिए औजार सामग्री का चयन

निष्पादन

भौतिक निष्पादन:

विवरण	वर्ष				
	15-16	16-17	17-18	18-19	19-20
संचालित प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की संख्या					
दीर्घकालिक पाठ्यक्रम	4	4	8	8	15
मध्यमकालिक पाठ्यक्रम	13	13	17	11	10
अल्पकालिक पाठ्यक्रम	162	220	221	280	299
प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थियों की संख्या					
दीर्घकालिक पाठ्यक्रम	882	807	1316	1895	2089
मध्यमकालिक पाठ्यक्रम	1262	1293	1201	790	592
अल्पकालिक पाठ्यक्रम	5343	5704	5242	7041	7478
कुल:	**7487**	**7804**	**7759**	**9696**	**10159**
अजा अभ्यर्थी	2258	3013	2886	3565	3555
अजजा अभ्यर्थी	406	632	716	830	758
महिला अभ्यर्थी	601	586	825	1270	1790
शावि अभ्यर्थी	4	11	6	0	0
अल्पसंख्यक	257	332	356	495	625
सहायता प्राप्त इकाई					
एमएसएमई	789	732	1195	282	572
अन्य	685	730	753	1151	1417
कुल:	**1474**	**1462**	**1948**	**1433**	**1989**

परामर्शी विवरण

क्र.सं.	विवरण	2018-19	2019-20
1.	परामर्श कार्य की संख्या	546	1002
2.	परामर्श कार्य से प्राप्त राजस्व	0.00	0.00

परीक्षण विवरण

क्र.सं.	विवरण	2018-19	2019-20
1.	किए गए परीक्षणों की संख्या	शून्य	शून्य
2.	परीक्षणों से प्राप्त राजस्व	शून्य	शून्य

कार्य विवरण

क्र.सं.	विवरण	2018-19	2019-20
1.	किए गए कार्यों की संख्या	1433	1985
2.	कार्यों से प्राप्त राजस्व	289.07 लाख	266.37 लाख

प्रशिक्षणार्थियों का विवरण

क्र.सं.	विवरण	2018-19	2019-20
1.	दीर्घकालिकप्रशिक्षणार्थियों की संख्या	2655	2681
2.	अल्पकालिकप्रशिक्षणार्थियों की संख्या	7041	7478
	कुल:	9696	10159

रोज़गार का विवरण

क्र.सं.	विवरण	2018-19	2019-20
1.	रोज़गार प्राप्त प्रशिक्षणार्थियों की संख्या	607	545

वर्ष 2019-20 के दौरान विशेष एमओयू के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र.सं.	के साथ एमओयू	पाठ्यक्रम का विवरण	प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थी	टिप्पणी
1.	सैमसंग इंडिया लिमिटेड	रुम एयर कंडीशनर और होम अप्लायंस	61	
2.	सैमसंग इंडिया लिमिटेड	ऑडियो वीडियो	4	
3.	सैमसंग इंडिया लिमिटेड	हाथ में पकड़े जाने वाले उत्पाद	23	
क्र.सं.	के साथ एमओयू	पाठ्यक्रम का विवरण	प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थी	टिप्पणी
5.	राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम	रुम एयर कंडीशनर और होम अप्लायंस	68	
6.	राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम	ऑडियो वीडियो	49	

7.	राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम	हाथ में पकड़े जाने वाले उत्पाद	73	
8.	राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम	एयर कंडीशनर और होम अप्लायंस रिपेयरिंग और सर्विसिंग	2	
9.	राष्ट्रीय अजा/अजजा हब	ऑडियो वीडियो	25	
10.	राष्ट्रीय अजा/अजजा हब	हाथ में पकड़े जाने वाले उत्पाद	19	
11.	कौशल विकास पश्चिम बंग सोसायटी	फील्ड तकनीशियन–कम्प्यूटर पेरीफेरल	17	
12.	कौशल विकास पश्चिम बंग सोसायटी	एयर कंडीशनर- तकनीशियन	20	

वित्तीय निष्पादन:: (रु. लाखों में)

विवरण	साल				
	15-16	16-17	17-18	18-19	19-20
उत्पादित राजस्व	910.19	1063.48	1259.42	2062.64	2229.45
राजस्व व्यय	863.56	851.24	933.33	1636.49	1754.18
नकद अधिशेष	46.63	212.24	326.09	426.15	475.27
वसूली अनुपात (%)	105.40	124.93	134.94	126.04	129.09

महत्वपूर्ण उपलब्धि (मूल गतिविधियाँ):

उत्पादन प्रक्षेत्र

1)ग्राहक:- गन एंड शेल फैक्टरी, काशीपुर (महत्वपूर्ण कार्य)।

क्लिप के लिए निर्वात उष्मा उपचार प्रक्रिया विकसित की गई और सफलतापूर्वक 6000 पूर्जो का उष्मा उपचार किया गया। इन क्लिप को बिना आक्सीकरण के खास

प्रकार की कठोरता की आवश्यकता होती है। ये क्लिप रक्षा सामग्रीयों के हिस्सा होते हैं जिसका उपयोग स्वचालित बंदूक में किया जाता है।

2) ग्राहक: -आयुध कारखाना दम दम (अत्याधिक उच्च स्तर की सटीकता)।

रक्षा अस्त्र-शस्त्रों के विभिन्न पूर्जों के मशीनीकरण हेतु ड्रिलिंग फिक्सचर का डिजाइन और निर्माण किया गया। स्थिति और आयाम से संबंधित सटीकता के लिए ये फिक्सचर काफी महत्वपूर्ण होते हैं। इन फिक्सचर के द्वारा संपन्न किए गए कार्य सटीक हैं और ग्राहक इससे संतुष्ट हैं।



3)ग्राहक:- आयुध कारखान दम दम।

चार गुहा वाले प्लास्टिक कैप मोल्ड का डिजाइन और निर्माण किया गया। इस मोल्ड का उपयोग कैप और कंटेनर के सतत निर्माण में किया जाएगा जिसमें विस्फोटक डालकर उसे

सील किया जाता है। सफल निर्माण और अजमाइश के बाद मोल्ड की आपूर्ति ग्राहकों को की जाती है।

4)ग्राहक:- सेराटिजित, कोलकाता (क्रिटीकल मशीनिंग)।

सीएनसी ईडीएम मशीन के द्वारा कार्बाइड ब्लैंक से कार्बन इन्सर्ट के प्रोफाइल के मशीनीकरण हेतु उन्नति कार्य किया जाता है जिसका आयाम संबंधी सटीकता और अंतर-परिवर्तनशीलता के साथ महत्वपूर्ण प्रोफाइल होता है। इन इन्सर्ट का उपयोग सीएनसी टर्निंग मशीन में पूर्जों के निर्माण करने हेतु काटने वाले औजार के रूप में होता है।

5) ग्राहक:- ओएफडीसी दम दम (क्रांतिक रक्षा/वायुसेना से संबंधित कार्य)।

कोन रिंग का निर्माण और आपूर्ति। संख्यात्मक मात्रा- 181
कोन रिंग का निर्माण किया जोकि महत्वपूर्ण रक्षा सामग्री है और हवाई बम में वायु सेना द्वारा इसका उपयोग किया जाता है। इन पूर्जों का निर्माण काफी क्रांतिक होता है क्योंकि इसके आयाम संबंधी सटीकताओं को काफी सहन करने की अल्प सीमा में रखना होता है ताकि अंतर-परिवर्तनशीलता को प्राप्त किया जा सके। इन पूर्जों को पूरी तरह सीएनसी तकनीक की सहायता से बनाया जाता है और इसका निरीक्षण सीएमएम के द्वारा किया जाता है।

6)ग्राहक:- हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड। बेलूर।

प्रेसर कूकर के निर्माण ब्लैंक हेतु 293 mm व्यास वाला उच्च परिशुद्धि का आरसीबीएल सर्कल ब्लैंकिंग प्रेस टूलको डिजाइन कर इसे विकसित किया। ब्लैंकिंग ऑपरेशन से लेकर पैकेजिंग के अंतिम चरण तक ब्लैंक की निर्माण प्रक्रिया पूरी तरह स्वचालित उत्पादन प्रक्रिया

है। इसलिए हर घटक को उच्च स्तरीय सटीकता पर बरकरार रखने की आवश्यकता होती है और ऐसा केवल उच्च गुणवत्ता के ब्लैंकिंग टूल के उपयोग से ही संभव है। ब्लैंकिंग टूल के हर हिस्से को आयाम और स्थान संबंधी नजदीकी सहनशीलता पर बरकरार रखना होता है और अच्छी गुणवत्ता के घटकों के लिए डाई और पंच के बीच निकास को अबाधित स्थिति में रखना होता है। ऊपर उल्लेखित सभी पूर्जों का निर्माण सीएनसी तकनीक और निर्वात उष्मा उपचार प्रक्रिया की सहायता से किया जाता है ताकि डाई, पंच और अन्य पूर्जे जिसे कठोर रखने की आवश्यकता होती है, उन्हें कठोर बनाया जा सके। अंतत: पूर्जों के निरीक्षण के लिए सीएमएम का उपयोग किया जाता है।

7)ग्राहक:- परिवर्तनशील ऊर्जा साइक्लोट्रॉन केंद्र, कोलकाता (महत्वपूर्ण और आयात निर्भरता का स्थान लेने वाली योजना, पूर्व में अमेरिका से पूरी की जाती थी)

सिंगल सेल कैविटी कंपोनेंट के लिए प्रेस टूल का निर्माण किया। इस प्रेस में कई पूर्जे होते हैं, जिनका निर्माण सीएएम/सीएएम और सीएनसी मशीनिंग तकनीक की सहायता से किया गया, साथ ही जरूरी पूर्जों की कठोरता के लिए निर्वात उष्मा उपचार प्रक्रिया का भी उपयोग किया गया। सीएमएम का उपयोग प्रेस टूल के पूर्जे की माप के लिए किया जाता है। ग्राहक के लिए आयाम संबंधी सटीकताएं काफी महत्वपूर्ण होती हैं क्योंकि इस घटक का उपयोग टेरा इलेकट्रॉन वोल्ट सुपरकंटक्टिंग लीनियर एक्ससलेरेटर (TESLA) तकनीक के क्षेत्र में कण मंदन के कार्य हेतु अनुसंधान के उद्देश्य से किया जाता है। घटक का पदार्थ ताम्बा है लेकिन वास्तविक घटक नियोबियम होगा जिसका निर्माण ताम्बा घटक के अनुमोदन के बाद किया जाएगा। अनुमोदन के लिए वीईसीसी को रिपोर्ट भेजी गई है।

8) ग्राहक:- एसपीएम इंस्ट्रुमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद

एबीएस बक्शों के पूर्ण सेट के प्लास्टिक घटक जिनमें शीर्ष कवर, तल कवर और बैटरी कवर होते हैं, उसका निर्माण किया गया। **इस बक्शे का इस्तेमाल शॉक पल्स एनालाइजर के लिए इंस्ट्रुमेंट बक्शे के कवर के रूप में किया जाता है।**इस उत्पादन केंद्र में ऊपर उल्लेखित घटकों के लिए मोल्ड का भी निर्माण सीएससी तकनीक की सहायता से किया जाता है। ये मोल्ड महत्वपूर्ण होते हैं और इसके आकार जटिल होते हैं। मोल्ड के पूर्जों की आयाम संबंधी सटीकता काफी महत्वपूर्ण होती है क्योंकि ये घटक एक-दूसरे के साथ समायोजित होते हैं। बक्शों के कुल 250 सेट का निर्माण किया गया और जल्द ही इसकी आपूर्ति ग्राहकों को की जाएगी।

9)ग्राहक:- परिवर्तनशील ऊर्जा साइक्लोट्रॉन केंद्र, कोलकाता (परमाणु ऊर्जा विभाग)- प्रोटोटाइप हाफ सेल का निर्माण (नाभिकीय प्रौद्योगिकी से संबंधित महत्वपूर्ण परियोजना)

हमने तांबा प्रोटोटाइप मिड-हाफ सेल, इंड-हाफ सेल और 650 MHZ का कनेक्टिंग-हाफ सेल के लिए सफलतापूर्वक कई प्रेस टूल्स का निर्माण किया है। इन घटकों का उपयोग **नाभिकीय प्रौद्योगिकी** से संबंधित कार्य में अनुसंधान के उद्देश्य से मल्टी सेल सुपर कन्डक्टिंग रेडियो फ्रीक्वेंसी इलेक्ट्रिकल कैविटी के निर्माण में किया जाता है। सभी टूल्स सीएडी सिस्टम की सहायता से डिजाइन किए गए हैं और सीएनसी मशीनों की मदद से निर्मित है जिसे सीएएम सॉफ्टवेयर से प्रोग्राम किया गया है और इसका निरीक्षण सीएमएम के द्वारा किया गया है।

10) ग्राहक:- रबर घटक का ड्रिको बाइक स्पेयर्स-मॉडल उत्पादन

महत्वपूर्ण रबर घटक का 3डी मॉडल उत्पादन और 2डी ड्राविंग सीएडी सिस्टम के द्वारा किया गया है और डेटा 3डी स्कैनिंग सिस्टम से प्राप्त किया गया है।

11) ग्राहक:- परिवर्तनशील ऊर्जा साइक्लोट्रॉन केंद्र, कोलकाता (परमाणु ऊर्जा विभाग)- सीपीडीए स्टैंड का निर्माण

सीपीडीए को घारण करने के लिए हमने सफलतापूर्वक सीपीडीए स्टैंड का निर्माण किया है और यूनिट के रैखिक प्रचलन के लिए 4 लाइनर अग्रगति गाइड रेल हैं। सीपीडीए चार्ज्ड पार्टिकल डिटेक्टर अरे के लिए रहता है। इसे नाभिकीय भौतिक विज्ञान के अनुप्रयोग को K500 और K130, वीईसीसी पर संपादित करने के लिए विकसित किया गया है। जब उपयोग में नहीं हो तब इस अरे को सुरक्षित रखने के लिए इस केंद्र पर एक स्टैंड का विकास किया गया है। यह स्टैंड वास्तविक अनुप्रयोग सेटअप के समान है। इसे धूल रोधी बनाने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है।

12)ग्राहक:- गर्वनमेंट कॉलेज ऑफ इंजीनीयरिंग एंड टेक्नोलॉजी, राजस्थान - इलेक्ट्रो मैग्नेटिक लेविटेशन प्रौद्योगिकी का निर्माण और असेंबल (MAGLEV) (यह भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसकी तुलना विकसित देशों से की जा सकती है)

हाल में ही इस टूल रूम के द्वारा इलेक्ट्रोमैग्नेटिक लेविटेशन सेट-अप की यांत्रिक संरचना का निर्माण किया गया जिसका उपयोग अनुसंधान के उद्देश्य के लिए किया जाएगा। यह एआईसीटीई, भारत सरकार द्वारा प्रायोलहज आर एंड डी परियोजना का हिस्सा है। विकसित की गई वर्तमान तकनीक इंडक्ट्रैक सिस्टम (स्थाई चुंबक/पैसिव सस्पेंसन) पर आधारित है। इंडक्ट्रैक सिस्टम एक फेल सस्पेंसन सिस्टम हैं, जहां चुंबक को सक्रिय करने के लिए विद्युत शक्ति की आवश्यकता नहीं होती है; कार के नीचे चुम्बकीय क्षेत्र अवस्थित रहता है; ये मैग्लेव ट्रेन को उत्तोलित करने के लिए कम गति (करीब 5 km/h (3.1 mph)) पर पर्याप्त बल उत्पन्न कर सकते हैं। बिजली आपूर्ति के बाधित होने पर कार स्वयं सुरक्षित रूप से धीमा हो जाता है; स्थाई चुंबक को एक क्रम में व्यवस्थित किया जाता है जो ट्रेनों को आगे बढ़ने में मदद करता है। इन्हें पहियों या ट्रैक खंडों की आवश्यकता होती है जो वाहन के रूकने पर आगे बढ़ता है। वाहन जब रूकी हुई अवस्था में हो तो न तो इंडक्ट्रैक और न ही सुपरकंडक्टिंग ईडीएस वाहन को उत्तोलित करने में सक्षम होता है, हालांकि इंडक्ट्रैक उत्तोलन को काफी अल्प गति में ले जाता है, इन सिस्टम्स के लिए पहियों की आवश्यकता होती है। ईएमएस सिस्टम बिना पहिया का होता है।

---

13)ग्राहक:- सेंट्रल टूल रूम एंड प्रशिक्षण केंद्र- भुवनेश्वर- हेमिस्फेयर (इसरो की परियोजना)

हमने सीटीटीसी-भुवनेश्वर के लिए टिटैनियम मिश्रधातु पदार्थ पर शीर्ष और तल हेमिस्फेयर की प्रोफाइल मशीनिंग की है। इन बारीक सामग्रीयों का उपयोग अंतत: इसरो के द्वारा किया जाता है।



14)**ग्राहक:- नेताजी सुभाष चंद्र बोस उड्डयन प्राइवेट लिमिटेड**

a) माउंटिंग फिक्सचर और काउंटर वेट के साथ प्रोपेलर बैलेंसिंग मांडरेल- इस यूनिट का उपयोग संपूर्णता में विमान में स्थैतिक रूप से चाकू-धार पर प्रोपेलर के असेंबली को संतुलित करने के लिए किया जाता है।

b) विशिष्ट प्रोपेलर ब्लेड बैलेंसिंग फिक्सचर- इस टूल का उपयोग चाकू-धार पर स्थैतिक रूप में विमान के प्रोपेलर विशिष्ट ब्लेड के संतुलन के लिए किया जाता है।

c) प्रोपेलर असेंबली/डिसअसेंबली फिक्सचर- इस फिक्सचर का उपयोग किसी स्टैंड पर प्रोपेलर असेंबली को लगाने के लिए और विमान के प्रोपेलर को अलग-अलग करने एवं फिर से एक जगह करने में किया जाता है।

15) ग्राहक:- आईटीएक्स प्रौद्योगिकी- कॉन्वेयर

कॉन्वेयर की परिवर्तनशील गति की मदद के साथ कच्चे पदार्थ और निर्मित वस्तुओं के परिवहन हेतु नई अवधारण के विकास के लिए डिजाइन और विश्लेषण। यह विकास जगहों की आवश्यकता, समय और मानव श्रम की संलिप्तता को कम करने में मददगार होगा।

16)ग्राहक:- परिवर्तनशील ऊर्जा साइक्लोट्रॉन केंद्र(VECC)

डिजाइन, विनिर्माण और उच्च परिशुद्धि के उपकरण की आपूर्ति हेतु वीईसीसी से प्रशंसा का प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ।

17) **ग्राहक:- आयुध कारखाना दम दम (OFDC)**

ब्रोचिंग टूल

इस केंद्र ने ओएफडीसी के लिए दो प्रकार के ब्रोचिंग टूल का निर्माण किया है। इस टूलका उपयोग सेना के टी-72 टैंक फ्रेम सेल में किया जाएगा।

18)ग्राहक:- जॉय अभियंत्रण

CAM

हमने चाय पैकिंग उद्योग के लिए सीएएम का डिजाइन और निर्माण किया है जिसकाउपयोग चाय पेपर थैलों की नत्थी कार्य में किया जाएगा।

19)ग्राहक:- इंपायर जूट मिल

PIN

जूट उद्योग में इस्तेमाल के लिए विशेष प्रोफाइल के साथ 200 की संख्या में रेशोंकाअलग करने वाले कठोर पिन का निर्माण इस केंद्र के द्वारा किया गया।

20) **ग्राहक:- आयुध कारखाना दम दम (OFDC)**

फॉर्मिंग टूल

हवाई बम के फिन को असेंबल करने हेतु फॉर्मिंग टूल (वामहस्त और दहिनहस्त) का निर्माण किया गया। रक्षा कारखाना को नमूना सौंपने के लिए दोनों फॉर्मिंग टूल का परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

21)ग्राहक:- न्युमेटिक पावर टूल्स एंड कंपनी।

शैफ्ट्स

न्यूमेटिक पावर टूल्स एंड कंपनी के द्वारा जर्मनी को निर्यात करने हेतु विशेष प्रकार के पदार्थ से बने शैफ्ट्स की मशीनिंग की गई। इन शैफ्ट्स का उपयोग वायर उद्योगों में वायर गाइड के रूप में किया जाता है।

22)ग्राहक:- IFB इंडस्ट्रीज लिमिटेड

फाइन ब्लैंकिंग टूल

हमने आईएफबी इंडस्ट्रीज लिमिटेड, कोलकाता के लिए फाइन ब्लैंकिंग टूल्स के विभिन्न पूर्जों की मशीनिंग की। इस फाइन ब्लैंकिंग टूल का उपयोग ऑटोमोबाइल प्रक्षेत्रों में किया जाएगा।

23)ग्राहक:- आयुध कारखाना दम दम (OFDC)

ब्लैंकिंग टूल

हमने 125mm उष्मा बनाव के लिए फिन हेतु ब्लैंकिंग टूल का निर्माण किया है जिसका उपयोग रक्षा उद्देश्य के लिए किया जाएगा।

24)ग्राहक:- इंडियन फाइन ब्लैंकिंग इंडस्ट्रीज कोलकाता (IFB)

पंच

आईएफबी कोलकाता के लिए फाइन ब्लैंकिंग टूल हेतु पंच का निर्माण किया गया।

25)ग्राहक:- मेटल एंड स्टील फैक्टरी, ईशापुर (MSF)

फिक्सचर

हमने आईएफबी इंडस्ट्रीज लिमिटेड, कोलकाता के लिए फाइन ब्लैंकिंग टूल्स के विभिन्न पूर्जों की मशीनिंग की है। ये फाइन ब्लैंकिंग टूल ऑटोमोबाइल प्रक्षेत्रों में इस्तेमाल किए जाएंगे।

26) ग्राहक:- इंपायर जूट मिल कंपनी।

स्लब कैचर

हमने जूट मशीनरी के लिए स्लब कैचर का निर्माण किया है जिसका उपयोग जूट उद्योग में प्रसंस्करण के दौरान सूतों के प्रचलन को रोकने के लिए किया जाएगा। इस कार्य के ग्राहक इंपायर जूट मिल कंपनी है।

27) ग्राहक:- सुजाता इलेक्ट्रिक प्राइवेट लिमिटेड

बेंडिंग डाइ और पंच

सुजाता इलेक्ट्रिक प्राइवेट लिमिटेड के लिए बेंडिंग डाइ और पंच का विकास एवं निर्माण किया गया। ये ब्लेड पंखा उद्योग में इस्तेमाल होंगे।

28)ग्राहक:- राष्ट्रीय इस्पात कंपनी

प्रेस टूल

राष्ट्रीय इस्पात कंपनी के लिए सेल्फ लॉकिंग स्ट्रीप हेतु प्रोग्रेस प्रेस टूल का निर्माण किया गया।

29) ग्राहक:- मेटल एंड स्टील फैक्टरी, ईशापुर (MSF)

सामग्री: टी.ए क्लैम्प

एमएसएफ के लिए टी.ए क्लैम्प घटक हेतु सीएनसी मिलिंग फिक्सचर का डिजाइन और निर्माण किया गया।

30)ग्राहक:- इंडियन फाइन ब्लैंक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड। (IFB इंडस्ट्रीज लिमिटेड)

सामग्री: बॉल्सटर

हमने स्प्रॉकेट घटक के लिए फाइन ब्लैंकिंग टूल के शीर्ष और तल बॉल्स्र की पूर्ण मशीनिंग का कार्य संपन्न किया।

31)ग्राहक:- TDK इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

सामग्री: प्रेस टूल

टीडीके इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए ग्रिपर वाल्व के साथ 16, 15, 12 टन प्रेस हेतु नया पावर भराव उपकरणों का विकास और निर्माण।

32) ग्राहक: जॉय अभियंत्रण

उत्पाद: CAM

हमने जॉय अभियंत्रण के लिए 18 की संख्या में कठोर किया हुआ कैम का निर्माण किया। ये सीएएम पैकेजिंग उद्योग में इस्तेमाल किए जाएंगे।

33)ग्राहक: MMC प्रौद्योगिकी

उत्पाद: इक्सेंट्रिक गेयर

एमएमसी प्रौद्योगिकी के लिए इक्सेंट्रिक स्लीव के साथ इक्सेंट्रिक गेयर की मशीनिंग की गई। यह सामग्री कैम प्रकार के एज ट्रिमर असेंबली का एक हिस्सा होता है जिसका उपयोग जंगरोधी इस्पात चादर प्रसंस्करण संयंत्र में किया जाता है।

34) ग्राहक: आयुध कारखाना दम दम (OFDC)

उत्पाद: हाउसिंग ब्लॉक और क्लेविस यूनिट असेंबली (एंकर मैकेनिज्म)

लोड की जांच हेतु एंकर मैकेनिज्म का 5 असेंबली एंकर को पूरा किया गया। अंतिम रूप से इसका अनुमोदन वायु सेना की गुणवत्ता शाखा द्वारा किया जाएगा जोकि इसका अंत उपयोगकर्ता है।

35) ग्राहक: MMC प्रौद्योगिकी प्राइवेट लिमिटेड।

उत्पाद: ड्राविंग नंबर 1000096- 101-M3001 के अनुसार सेगमेंट

एमएमसी टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के लिए 4 नॉसरीक्वायलर सेगमेंट का निर्माण किया जाता है। इन सामग्रीयों का उपयोग एल्युमिनियम चादर प्रसंस्करण उद्योग में किया जाता है।

महत्वपूर्ण कार्यक्रम: एजीआईई स्परिट डब्लू/ईडीएम मशीन का रखरखाव रीप्लेसिंग प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) एसयूएस 32 और एसयूएस 33 के द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

प्रशिक्षण प्रक्षेत्र

1) आईडिअल इंस्टीच्यूट ऑफ इंजीनीयरिंग, कल्याणी के यांत्रिक अभियंत्रण विभाग के छात्र-छात्राओं ने " अनुकूलित प्रक्रिया मानदंडों के जरिए वेल्ड किए हुए एएल-6063 टी6 मिश्रधातु के घर्षण हलचल के यांत्रिक गुणदोषों का चरित्र चित्रण" पर परियोजना पूरी की।

2) जेआईएस कॉलेज ऑफ इंजीनीयरिंग, कल्याणी के एक छात्र समूह ने हमारे सीएनसी लेथ मशीन का उपयोग करते हुए अपनी परियोजना पूरी की। उन्होंने अपनी परियोजना " काटने की विभिन्न गति, फीड और काट की गहराई का इस्तेमाल करते हुए विभिन्न श्रेणियों के पदार्थों पर चिप हटाव, चिप निर्माण और चिप कठोरता" विषय पर पूरी की।
परियोजना उनकी आवश्यकता के अनुसार सफलतापूर्वक पूर्ण हुई।

3) आईडिअल इंस्टीच्यूट ऑफ इंजीनीयरिंग, कल्याणी के छात्र-छात्राओं ने हमारे अध्यापकों के दिशा-निर्देशों के तहत 3डी प्रिंटिंग प्रौद्योगिकी अपनी परियोजना पूरी की।

4) परियोजना का शीर्षक:-

एफ.डी.एम. प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए एडिटिव विनिर्माण की एक विश्लेषण रिपोर्ट।

प्रचालन प्रक्रम के साथ परियोजना का विस्तृत विवरण निम्निलिखित के अनुसार है।

- आब्जेक्ट का नमूना डिजाइन छात्र-छात्राओं के द्वारा किया गया। (ठोस कार्य)
- आब्जेक्ट की एसटीएल फाइल बनाई गई।

- कुल 9 नमूने 3डी प्रिंटर में प्रिंट किए गए।
- प्रिटिंग मानदंडों में परिवर्तन कर 9 नमूने बनाए गए।
- प्रिटिंग के मानदंड स्तर ऊंचाई, इनफिल और फीड रेट के अनुसार चयनित किए गए।
- आवश्यक प्रिंटिंग समय, आब्जेक्ट के द्रव्यमान, प्रिंटिंग की गुणवत्ता (सतह का खुरदरापन) के लिए 9 विभिन्न नमूनों के परिणाम प्राप्त हुए।
- विभिन्न नमूनों पर एफडीएम प्रौद्योगिकी को लेकर विश्लेषण किया गया और परियोजना सफलतापूर्वक पूरी हुई।

5) एनएसक्यूएफ अनुरूप और एनओएस से मानचित्रित पाठ्यक्रमों के अंतर्गत पश्चिम बंगाल के छात्र-छात्राओं की वेल्डिंग प्रशिक्षण आवश्यकताओं के लिए सीटीटीसी कोलकाता में नया वेल्डिंग लैब का उदघाटन।

6) वेल्डिंग पाठ्यक्रमों के हमारे छात्र-छात्राओं को ईयू देशों में प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के लिए एम/एस जीएमके मैनेजमेंट, पोलैंड के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया जिसका प्रतिनिधित्व मि. जॉर्ज मार्सिनिसजिन द्वारा किया गया।

7) बिलासपुस गर्वनमेंट इंजीनीयरिंग कॉलेज के 137 छात्र-छात्राओं ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत नामांकित किया गया, कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न लघु अवधि पाठ्यक्रम शामिल हैं।

8) बीएमवीएम (बिहार महादलित विकास फोरम) प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत पहले से ही एक नए बैच का गठन किया गया है।

9) हमने एक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया है जोकि **राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग एवं वित्त विकास कॉरपोरेशन (एन बी सी एफ डी सी)** के द्वारा प्रयोजित है। प्रथम बैच पहले ही शुरू हो चुका है। दूसरा बैच अगस्त 2019 के दूसरे सप्ताह से आरंभ होगा।

10) एमएसएमई टूल रूम कोलकाता ने कोलकाता विश्वविद्यालय के अप्लाइड ऑप्टिक्स एंड फोटोनिक्स विभाग के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। एमओयू का उद्देश्य बायो-

आप्टिक्स और ऑप्टिकल मेथडोलॉजी के क्षेत्र में उन्नत अनुसंधान और प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है।

11)**पश्चिम बंगाल अल्पसंख्यक विकास और वित्त कॉरपोरेशन** के उच्च अधिकारियों ने एमएसएमई टूल रूम, कोलकाता का दौरा किया और हमारे केंद्र पर अल्पसंख्यक युवाओं के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की। उन्होंने संतोष व्यक्त किया और सितंबर 2019 से उम्मीदवारों के प्रायोजन के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

12) संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन हेतु सत्यजीत रॉय फिल्म एवं टेलीविजन इंस्टीच्यूट (एस आर एफ टी आई) के साथ एमएसएमई-टूल रूम में अरूर लैब की स्थापना को लेकर चर्चा की गई। इस संबंध में शीघ्र ही एमओयू पर हस्ताक्षर किया जाएगा।

13) अपने केंद्र पर वेल्डिंग पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु हमने अद्यतन उपकरणों के साथ वेल्डिंग लैब की स्थापना की है। प्रत्येक बैच में 25 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। हमने वेल्डर, एनएसक्यूएफ लेवल-4 नामक वेल्डिंग पाठ्यक्रम की शुरुआत (प्रथम बैच) कर भी दी है।

14) एनआईटी मणिपुर के साथ लघु अवधि पाठ्यक्रमों के लिए अनुबंध किए गए हैं। हमने एनआईटी, मणिपुर के निदेशक गौतम सूत्रधार और अन्य एचओडी के साथ दो दिनों तक चर्चा की। वे इस बात पर सहमत हुए कि द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष और अंतिम वर्ष के अभियंत्रण के छात्र-छात्राओं को विभिन्न यांत्रिक और गैर-यांत्रिक क्षेत्र के लघु अवधि पाठ्यक्रमों के लिए भेजेंगे जिसके परिणामस्वरूप छात्र-छात्राओं को अपने कौशल विकास हेतु अतिरिक्त ज्ञान प्राप्त होगा जो उन्हें भविष्य की नौकरी/उच्चतर शिक्षा में मदद करेगा।

15) ओबीसी और ईबीसी पृष्ठभूमि के उम्मीदवारों को विभिन्न एनएसक्यूएफ अनुवर्ती पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण देने हेतु सीटीटीसी कोलकाता और एनबीसीएफडीसी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया।

16) सीटीटीसी कोलकाता और कलकत्ता विश्वविद्यालय के ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स और फोटोनिक्स विभाग के बीच नैनो-मेट्रोलॉजी, ऑप्टिकल मेट्रोलॉजी और बायो-ऑप्टिकल इन्सट्रुमेंट क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया।

17) हब और डीसी-एमएसएमई के स्पोक मॉडल के अनुसार 6 (छह) सरकारी आईटीआई को दीर्घावधि लीज पर अधिग्रहीत करने हेतु पश्चिम बंगाल सरकार के तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास विभाग के प्रधान सचिव के पास प्रस्ताव जमा किए गए।

18) विभिन्न एनएसक्यूएफ अनुवर्ती पाठ्क्रमों में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण कार्य का संचालन करने के लिए बिहार के कौशल विकास मिशन से प्रशंसा के प्रमाणपत्र प्राप्त हुए।

19) डीडीयू-जीकेवाई के लिए प्रशिक्षण और आवासीय क्षमता को बढ़ाकर 700 किया गया।

